

जब मैंने वापसी की, विराट कोहली ने मेरा सपोर्ट किया। अगर उन्होंने मेरा समर्थन नहीं किया होता तो मैं वापसी नहीं कर पाता। लेकिन तब धोनी थे जिन्होंने मुझे 2019 को लेकर सही तस्वीर दिखाई। उन्होंने बताया कि चयनकर्ता उनके बारे में नहीं सोच रहे हैं। - युवराज सिंह

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, अपने कमबैक को लेकर खोला राज।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **रोहित शर्मा**





**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर 16 साल पूरे किये जिसकी शुरुआत मुंबई के इस धुरंधर ने 20 साल की उम्र से की थी। रोहित ने 23 जून 2007 को मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की कप्तानी में आयरलैंड में वनडे मैच में पदार्पण किया था जिसमें भारत ने आसानी से जीत हासिल की थी। छत्तीस साल का यह खिलाड़ी 441 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुका है जिसमें उनके नाम 43 अंतरराष्ट्रीय शतक और 17,115 रन हैं। और अब वह अपने इस चमकदार करियर के सबसे महत्वपूर्ण दौर में हैं जिसमें वह आईसीसी ट्रॉफी का 10 साल का सूखा खत्म करना चाहते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

## वर्ल्ड कप में भारत-पाक मुकाबला 15 अक्टूबर को

नई दिल्ली। भारत में अक्टूबर-नवंबर के बीच 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड कप के 48 मुकाबले खेले जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी कर दिया। टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मुकाबले से होगी। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर 19 नवंबर को फाइनल होगा।

**5 अक्टूबर को इंग्लैंड-न्यूजीलैंड मैच से शुरुआत, फाइनल 19 नवंबर को; तीनों ही मैच अहमदाबाद में**

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले मुंबई और कोलकाता में होंगे। टूर्नामेंट का सबसे चर्चित मैच, यानी भारत-पाकिस्तान मुकाबला 15 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा। हालांकि भारत के वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया से मुकाबले के साथ होगी। यह मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा।

### वर्ल्ड कप में इंडिया के 9 मैच

| | | |
|---|---|---|
| 1. इंडिया Vs ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई | 8 अक्टूबर |
| 2. इंडिया Vs अफगानिस्तान | दिल्ली | 11 अक्टूबर |
| 3. इंडिया Vs पाकिस्तान | अहमदाबाद | 15 अक्टूबर |
| 4. इंडिया Vs बांग्लादेश | पुणे | 19 अक्टूबर |
| 5. इंडिया Vs न्यूजीलैंड | धर्मशाला | 22 अक्टूबर |
| 6. इंडिया Vs इंग्लैंड | लखनऊ | 29 अक्टूबर |
| 7. इंडिया Vs क्वालिफायर-2 | मुंबई | 2 नवंबर |
| 8. इंडिया Vs साउथ अफ्रीका | कोलकाता | 5 नवंबर |
| 9. इंडिया Vs क्वालिफायर-1 | बेंगलुरु | 11 नवंबर |



### वर्ल्ड कप के अहम मुकाबले

वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले 10 शहरों में खेले जाएंगे। जिसमें अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम), बेंगलुरु (एम चिन्नास्वामी स्टेडियम), चेन्नई (एमए चिदम्बरम स्टेडियम), दिल्ली (अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम), धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम), हैदराबाद (राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, उप्पल) हैं।

इनके अलावा कोलकाता (ईडन गार्डन), लखनऊ (अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम), मुंबई (वानखेड़े स्टेडियम), पुणे (महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम) शामिल हैं। हैदराबाद के अलावा गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक प्रैक्टिस मैचों की मेजबानी करेंगे।

### 29 सितंबर से वॉर्म-अप मुकाबले

टूर्नामेंट के लिए 12 वेन्यू शॉर्टलिस्ट किए गए। 10 शहरों में लीग और नॉकआउट स्टेज के मुकाबले होंगे। जबकि गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के साथ हैदराबाद में वॉर्म-अप मैच होंगे। मुकाबले 29 सितंबर से शुरू हो कर 3 अक्टूबर तक चलेंगे।

टीम इंडिया 30 सितंबर को गुवाहाटी में इंग्लैंड के खिलाफ पहला वॉर्म-अप मैचे खेलेगी। टीम का दूसरा वॉर्म-अप मैच 3 अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम में क्वालिफायर-1 की टीम से होगा।

8 टीमें क्वालिफाई, बची हुई 2 जगहों के लिए मुकाबले जारी इस बार वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए होस्ट भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने सीधे तौर पर क्वालिफाई किया है। अब बाकी दो टीमें क्वालिफायर राउंड से आएंगी। इन दो जगहों के लिए 10 टीमों आयरलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, नेपाल, नीदरलैंड, ओमान, स्कॉटलैंड, जिम्बाब्वे के बीच मुकाबले चल रहे हैं।

**नॉकआउट मैचों के लिए रिजर्व डे :** शेड्यूल में टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों के लिए रिजर्व डे रखे गए हैं। यानी कि दोनों सेमीफाइनल और फाइनल मैच के लिए रिजर्व-डे रहेगा। वर्ल्ड कप में पहले भी नॉकआउट मैचों के लिए रिजर्व डे रखे जा चुके हैं।

**सहवाग-मुरलीधरन बोले-** चाहते हैं फाइनल पाकिस्तान-इंडिया के बीच हो पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और श्रीलंका के पूर्व दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने भारत को फाइनल का प्रबल दावेदार बताया है। सहवाग ने भारत-ऑस्ट्रेलिया को चुना, तो मुरलीधरन ने भारत-इंग्लैंड के नाम लिए। दोनों ने कहा कि हम चाहते हैं कि वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच हो, हालांकि यह मुश्किल है। शेड्यूल अनाउंसमेंट के दौरान पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, सचिव जय शाह, श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और के चीफ एग्जीक्यूटिव ज्योफ एलार्डिस।

### वर्ल्ड कप शेड्यूल पर रोहित बोले- टूर्नामेंट कॉम्पिटिटिव होगा

रोहित शर्मा पहली बार वनडे वर्ल्ड कप में कप्तानी करेंगे। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि देश में होने वाला वनडे वर्ल्ड कप बहुत कॉम्प्टेटिव होगा क्योंकि खेल तेज हो गया है। टी-20 ने तीनों फॉर्मेट के मैचों को प्रभावित किया है।

## 106 वर्षीय उड़नपरी दादी ने फिर रचा इतिहास

भिवानी। हरियाणा के चरखी दादरी में रहने वाली 106 वर्षीय उड़नपरी दादी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सोमवार से युवरानी महेंद्र कुमारी की स्मृति में देहरादून में 18वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज हुआ। 2 दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए 5 वर्ष की आयु से लेकर 106 वर्ष की आयु तक करीब 800 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

वहीं सोमवार को इस प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण का केंद्र हरियाणा के चरखी दादरी की रहने वाली 106 वर्षीय उड़नपरी दादी रमाबाई रहीं। उन्होंने एक बार फिर अपने जलवे से सबको हैरान कर दिया। उन्होंने 100, 200 मीटर दौड़ में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने शॉटपुट इवेंट में भी अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत सभी को हैरत में डाल दिया।

बता दें कि रामबाई ने वडोदरा में हुई राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप में 100 मीटर रेस में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। चरखी दादरी जिले के गांव कादमा की रहने वाली रामबाई राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपनी 3 पीढ़ियों के साथ 100, 200 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद में 4 गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास बना चुकी हैं।

इससे पहले नवंबर 2021 में हुई प्रतियोगिता में 4 गोल्ड मेडल जीते थे। राम बाई गांव की सबसे बुजुर्ग महिला हैं और सब उनको उड़नपरी पड़दादी (परदादी) कह कर बुलाते हैं। राम बाई गांव में आमतौर पर खेतों में और घर में भी काम करते दिखाई देती हैं। वो पूरी तरह से सेहतमंद हैं और इस उम्र में भी हर रोज 5 से 6 किलोमीटर दौड़ती हैं। बता दें कि 1 जनवरी, 1917 को जन्मी गांव कादमा निवासी राम बाई बुजुर्ग एथलेटिक्स खिलाड़ी हैं। उन्होंने नवंबर, 2021 में वाराणसी में हुई मास्टर्स एथलैटिक मीट में भाग लिया था। 105 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था की परवाह किए बिना खेल को जीवन का हिस्सा बनाकर कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रही हैं। बुजुर्ग एथलीट राम बाई ने खेतों के कच्चे रास्तों पर खेल की प्रैक्टिस की है। वे सुबह 4 बजे उठकर अपने दिन की शुरुआत करती हैं। लगातार दौड़ और पैदल चलने का अभ्यास करती हैं। इसके अलावा वे इस उम्र में भी 5-6 किलोमीटर तक दौड़ लगाती है।

## एशेज-दूसरा टेस्ट कल से, लॉर्ड्स पर मिलेगी तेज पिच

लंदन द एशेज सीरीज में 1-0 से पिछड़ रही इंग्लिश टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी वापसी के लिए तेज पिच बनवा रही है, ताकि बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम दूसरे मुकाबले को जीतकर 5 मुकाबलों की सीरीज में वापसी कर सके। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला टेस्ट 2 विकेट से जीता था। मेरिलबोन क्रिकेट कमेटी एमसीसी) के असिस्टेंट सेक्रेटरी जेमी कोक्स ने बताया है कि वे लॉर्ड्स पिच को पेस के लिए तैयार कर रहे हैं। कोक्स कहते हैं कि सर्दियों के दौरान लॉर्ड्स की पिच को रिनोवेट किया गया था। रिनोवेशन के दौरान लॉर्ड्स की पिच की ऊपरी 10 मिलीमीटर की मिट्टी को हटाया गया और ऊपर नई घास की लेयर बिछाई गई। इससे पिच में स्पीड बढ़ी।

कोक्स बताते हैं कि इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ जैसी पिच का इस्तेमाल किया था, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उस तरह की ही पिच का इस्तेमाल होगा। हालांकि, वो ये भी बताते हैं कि बहुत सी चीजें मौसम पर भी निर्भर करेंगी। अगर धूप रही तो दिन बल्लेबाजी के लिए बेहतर होगा। अगर बादल रहे तो दिन गेंदबाज के लिए अच्छा होगा।

**एंडरसन ने कहा था-** यदि पिच इतनी स्लो होगी, तो मेरे लिए एशेज खत्म पहले टेस्ट में एजबेस्टन की पिच कम उछाल और कम पेस वाली थी। वहीं, लॉर्ड्स की पिच को ज्यादा पेस के लिए तैयार किया जा रहा है। पहले मैच में पिच को लेकर न सिर्फ क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने सवाल उठाए, बल्कि इंग्लिश गेंदबाज भी खुद को रोक नहीं पाए थे।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने मैच खत्म होने के बाद कहा था कि अगर एशेज में सारी पिच इस तरह से स्लो होंगी, तो मेरे लिए एशेज सीरीज अब खत्म हो चुकी है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने भी पिच की आलोचना की थी। इसलिए लॉर्ड्स की पिच को बेहतर बनाया जा रहा है। लॉर्ड्स के ठााउंड्समैन कार्ल मैक्डरमॉट को पिच तैयार करनी है।

## नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर खत्म किया सैफ चैंपियनशिप अभियान

बेंगलुरु। नेपाल ने सैफ चैंपियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को एक गोल से हराकर अपना अभियान समाप्त किया। दोनों टीमें हालांकि सेमीफाइनल की दौड से बाहर हो चुकी है। कांतीरवा स्टेडियम पर दोनों टीमों ने ज्यादातर समय एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी आशीष चौधरी ने 80वें मिनट में गोल कर नेपाल को निर्णायक बढ़त दिला दी।

दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी थीं। इस जीत के बाद नेपाल ने ग्रुप ए में तीसरे स्थान पर रहकर अपना अभियान खत्म किया, जबकि पाकिस्तान अपने तीनों ग्रुप चरण मुकाबले हारने के बाद तालिका में सबसे नीचे रही। ग्रुप ए की शीर्ष टीम का फैसला शाम 7:30 बजे भारत और कुवैत के बीच होने वाले मुकाबले से होगा।

## युवा महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में उत्तराखंड की निकिता का विजय अभियान

नयी दिल्ली। उत्तराखंड की प्रतिभाशाली मुक्केबाज निकिता चंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी युवा महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के पहले दिन जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है।

भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि निकिता (60 किग्रा) ने एक रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र की वैष्णवी वाघमारे के खिलाफ 4:1 स्कोर से जीत हासिल की। दो बार के एशियाई जूनियर चैंपियन ने पहले दौर में सावधानी से शुरुआत करते हुए मुकाबले में प्रभावशाली तरीके से आक्रामकता बढ़ाई। अगले चरण में निकिता का सामना उत्तर प्रदेश की अनामिका यादव से होगा।

दिन के अन्य मैचों में उभरती मुक्केबाजी प्रतिभाओं ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। हरियाणा की भावना शर्मा (48 किग्रा), उत्तर प्रदेश की शालिनी गुप्ता (52 किग्रा), चंडीगढ़ की निधि (52 किग्रा), पंजाब की रिया तूर (60 किग्रा) और दिल्ली की सुप्रिया रावत (66 किग्रा) सभी ने 5-0 के समान स्कोर के साथ जीत हासिल की। वहीं महाराष्ट्र की खुशी जाधव ने अपनी तकनीकी श्रेष्ठता दिखाते हुए 50 किग्रा वर्ग में ओडिशा की मेघा बेहरा को हराकर आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोका गया) से जीत दर्ज की। इसी बीच, 54 किग्रा वर्ग में उत्तर प्रदेश की बबीता सिंह का मुकाबला ओडिशा की मनस्विनी सबत से होगा जबकि चंडीगढ़ की नेहा राजस्थान की चारू यादव के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। हरियाणा की कीर्ति (81 किग्रा से अधिक) पंजाब की मनीषा गिरी से आमने-सामने होंगी।

## अंकित मुकाबला हारकर इलोर्डा कप से हुए बाहर

अस्ताना, 27 जून। भारतीय मुक्केबाज अंकित नरवाल अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद इलोर्डा कप के शुरुआती मैच में मंगलवार को कज़ाकस्तान के सुल्तान मुसिनोव से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। आज हुए इस मुकाबले में मेज़बान देश के मुक्केबाज मुसिनोव ने 63.5 किग्रा के पहले चरण में अंकित को 5-0 की करारी शिकस्त दी। इलोर्डा कप में बुधवार को छह भारतीय मुक्केबाज अपने-अपने टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2016 की रजत पदक विजेता सोनिया लाठर (57 किग्रा) अपने अभियान का आगाज मेज़बान देश की विक्टोरिया ग्रेफेयेवा के खिलाफ करेंगी।

## इंग्लैंड क्रिकेट में भेदभाव गहराई तक मौजूद : रिपोर्ट

लंदन। क्रिकेट में न्यायपरस्ता के लिये स्वतंत्र आयोग (आईसीईसी) की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट ने दावा किया है कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट में रंग, लिंग और आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव 'गहराई तक' मौजूद है। आईसीईसी ने दो वर्ष की पड़ताल के बाद मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में ये दावे किये। होल्डिंग अप ए मिरर टू क्रिकेट रिपोर्ट में खिलाड़ियों, कोचों, प्रशासकों और प्रशंसकों सहित 4000 से अधिक लोगों के साक्ष्य शामिल हैं। इस 317 पन्नों की रिपोर्ट में खेल की ऐतिहासिक संरचनात्मक असमानताओं पर गहराई से प्रकाश डाला गया है। आयोग ने इस रिपोर्ट में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से कुल 44 सिफारिशें की हैं, जिनमें महिलाओं और अश्वेतों से जुड़े मुद्दों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। इस रिपोर्ट ने पेशेवर महिला क्रिकेटरों के लिये वेतन संरचना में मौलिक बदलाव की सिफारिश की है, जिसमें 2029 तक घरेलू स्तर पर और 2030 तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं और पुरुषों के लिये समान वेतन (औसतन) की मांग की गयी है।

इसमें इंग्लैंड की पुरुष और महिला टीमों के बीच अंतरराष्ट्रीय मैच फीस को तत्काल प्रभाव से बराबर करने की सिफारिश भी की गयी है। रिपोर्ट की सबसे मौलिक सिफ़ारिशों में से एक अगले वर्ष के भीतर क्रिकेट के लिये एक अलग नियामक संस्था का निर्माण करना है, जो ईसीबी से पूरी तरह से स्वतंत्र हो। रिपोर्ट में कहा गया है, कथित नियामक उल्लंघनों की जांच करने और आरोप लगाने के बारे में निर्णय लेने के लिये नयी नियामक संस्था को जिम्मेदार होना चाहिए, न कि ईसीबी को। आईसीईसी की पहली सिफारिश यह है कि ईसीबी अपनी विफलताओं के लिये सार्वजनिक माफी मांगे और स्वीकार करे कि खेल में नस्लवाद, लिंगवाद, अभिजात्यवाद और वर्ग-आधारित भेदभाव मौजूद हैं।

## वर्ल्ड कप शेड्यूल पर रोहित बोले-टूर्नामेंट कॉम्पिटिटिव होगा

नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि देश में होने वाला वनडे वर्ल्ड कप बहुत कॉम्पिटिटिव होगा क्योंकि खेल पहले के मुकाबले अब तेज हो गया है। टी-20 ने तीनों फॉर्मेट के मैचों को प्रभावित किया, जिनमें टेस्ट भी शामिल है, जहां बल्लेबाज शुरू से ही तेज खेलने लगे हैं।

वनडे वर्ल्ड कप 2023 का शेड्यूल आने के बाद रोहित शर्मा का रिएक्शन आया है। रोहित ने कहा, यह वर्ल्ड कप बहुत कॉम्पिटिटिव होने वाला है, क्योंकि खेल तेज हो गया है और टीमें पहले से ज्यादा खुलकर खेल रही हैं। मैं जानता हूं फैंस हमारे मैदान पर उतरने का इंतजार कर रहे उन्होंने कहा, 'यह दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए अच्छा संकेत है, जो उन्हें कई रोमांचक मोमेंट देने वाले हैं। हम इस अक्टूबर-नवंबर में अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतरने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। रोहित ने कहा, घर में वर्ल्ड कप खेलना शानदार अनुभव होने वाला है। भारत ने यहां 12 साल पहले जीता और मैं जानता हूं कि फैंस हमारे मैदान पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं।



**वर्ल्ड कप में भारत का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से :** भारत में अक्टूबर-नवंबर के बीच 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड कप के 48 मुकाबले खेले जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ( ) ने मंगलवार को वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी किया। टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मुकाबले से होगी। भारत के वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया से मुकाबले के साथ होगी। यह मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का सबसे चर्चित मैच, यानी भारत-पाकिस्तान मुकाबला 15 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा।

## बुमराह ने नेट्स में 7 ओवर गेंदबाजी की

बेंगलुरु। वर्ल्ड कप शेड्यूल जारी होने के बाद बेंगलुरु से टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर आई है। टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी चोट से तेजी से रिकवर कर रहे हैं, हालांकि वे पूरी तरह कब फिट होंगे, अभी यह कह पाना मुश्किल है। इतना पता चला है कि बुमराह गेंदबाजी करने लगे हैं और अगले महीने कुछ मैच भी खेलने वाले हैं।

बेंगलुरु स्थिति नेशनल क्रिकेट अकादमी के एक सूत्र ने को बताया कि बुमराह ने नेट्स पर मेडिकल टीम की निगरानी में 7 ओवर की गेंदबाजी की है। कुछ मेडिकल और क्रिकेट एक्सपर्ट्स इसे सकारात्मक तौर पर देख रहे हैं, हालांकि कुछ जल्दबाजी करार दे रहे हैं। इस स्टोरी में बुमराह की वर्तमान फिटनेस और एक्सपर्ट्स की राय भी जानेंगे...

बुमराह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे- सूत्र बुमराह की फिटनेस पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने को बताया, 'इस तरह की चोट के लिए कोई समयसीमा निर्धारित करना बुद्धिमानी नहीं है। क्योंकि खिलाड़ी को लगातार निगरानी की आवश्यकता होती है। हालांकि ये कहा जा सकता है कि बुमराह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। उन्होंने नेट्स में सात ओवर गेंदबाजी की। वह अपने कार्यभार को लगातार बढ़ा रहे हैं, जिनमें शुरुआती दौर के हल्के वर्कआउट से गेंदबाजी की ओर बढ़ना शामिल है। उन्होंने कहा, वह अगले महीने में कुछ अभ्यास मैच खेलेंगे और तब उनकी फिटनेस का करीबी आकलन किया जाएगा।



**बुमराह की वापसी में काफी सावधानी बरतनी चाहिए- रामजी श्रीनिवासन :** भारतीय टीम के पूर्व 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच रामजी श्रीनिवासन ने कहा, बुमराह की वापसी में काफी सावधानी बरतनी चाहिए।

## पेसर के साथ खेलना इंग्लैड की मजबूरी

नई दिल्ली। बैजबॉल ने इंग्लैंड की जिस कमी को छिपा लिया था, वह ऑस्ट्रेलिया के सामने पहले ही मैच में उजागर हो गई कि इंग्लिश गेंदबाज पुरानी गेंद के साथ फ्लैट पिच पर असफल हो जाते हैं। ऐसी पिच पर विकेट लेने के लिए न तो इंग्लैंड के पास कोई 145 की रफ्तार वाला पेसर है न ही कोई क्वॉलिटी स्पिनर है। ऐसे में इंग्लैंड ने अपनी टेस्ट टीम में रेहान अहमद को शामिल किया।

पहले मैच में मोइन अली खास नहीं कर पाए। उनकी बॉलिंग फिंगर में चोट और लग गई, जिससे वे शायद ही अगला मुकाबला खेल सकें, हालांकि मोइन प्रैक्टिस करते देखे गए हैं। इंग्लैंड के लिए चार पेस गेंदबाज के साथ खेलना एक मजबूरी बन जाता है। साथ ही, उन्हें अगले टेस्ट में किसी एक्सप्रेस तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करना होगा।

इस मसले में पूर्व खिलाड़ी माइकल नासेर ने सलाह दी कि इंग्लैंड को बेन स्टोक्स समेत पांच पेसर के साथ उतरना चाहिए। उन्हें जो रूट को एक पूरे स्पिनर के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए।

## वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी स्पेस में लॉन्च

मुंबई। भारत की मेजबानी में पहली बार होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लॉन्च हो गई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सोमवार को अंतरिक्ष में ट्रॉफी की लॉन्चिंग की। इसके साथ ही ट्रॉफी के वर्ल्ड टूर का ऐलान भी हो गया। 27 जून से शुरू होने वाले वर्ल्ड टूर के तहत यह ट्रॉफी 18 देशों का सफर करके भारत लौटेगी। यह टूर 4 सितंबर को समाप्त होगा।

**बैलून से 12 हजार फीट ऊंचाई पर पहुंची, अहमदाबाद स्टेडियम में लैंडिंग; 18 देशों में जाएगी**

अमेरिका की प्राइवेट स्पेस एजेंसी सेंट इंटु स्पेस की मदद से ट्रॉफी को बलून के सहारे अंतरिक्ष में भेजा। फिर पृथ्वी की सतह से 12 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचाने के बाद स्ट्रैटोस्फियर में ट्रॉफी का अनावरण किया गया। उसके बाद अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ट्रॉफी को लैंड कराया गया। स्ट्रैटोस्फियर पृथ्वी के वायुमंडल की दूसरी परत है, जो टोपोस्फियर के ऊपर और मेसोस्फियर के नीचे स्थित है। यहां 4 कैमरों की मदद से कुछ शानदार वीडियो शॉट्स कैप्चर किए, जिन्हें ने जारी किया।

**18 देशों का दौरा करेगी ट्रॉफी:** वर्ल्ड कप की ट्रॉफी कुवैत, बहरीन, मलेशिया, अमेरिका, नाइजीरिया, युगांडा, फ्रांस, इटली, अमेरिका और मेजबान देश भारत सहित दुनिया भर के 18 देशों के 40 शहरों की यात्रा करेगी। आगे ठााफिक्स में देखिए ट्रॉफी के वर्ल्ड टूर का रूट...

**क्रिकेट को प्रोमोट करना हमारा मिशनः एलार्डिस -** के चीफ एक्सिक्यूटिव ज्योफ एलार्डिस ने कहा, मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर महत्वपूर्ण होगा। वर्ल्ड कप में अब 100 दिन बचे है, ऐसे में यह हमारे लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी। हम इस टूर के माध्यम से क्रिकेट को दूसरे देशों में प्रमोट कर सकेंगे। टूर से हमें देशों के लोगो से मिलने और बात करने का मौका मिलेगा। इससे हम कम्युनिटी क्रिकेट डेवलपमेंट प्रोठााम भी लॉन्च कर सकेंगे।



**भारत को जोड़ता है क्रिकेट : जय शाह -** सचिव जय शाह ने कहा, दुनिया भर में क्रिकेट के करोड़ों फैंस है। इस टूर के माध्यम से हम हर कोने तक ट्रॉफी को पहुंचा पाएंगे। क्रिकेट भारत एकजुट करता है। वर्ल्ड कप से पूरे देश में उत्साह है।

## नीदरलैंड सुपर ओवर में 30 रन बनाकर जीता

नीदरलैंड। हरारे दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के वर्ल्ड कप में पहुंचने की राह कठिन होती नजर आ रही है। टीम को सोमवार रात वर्ल्ड कप क्वालिफायर में नीदरलैंड के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी। टीम को नीदरलैंड ने सुपर ओवर में 30 रन बनाकर हराया। जवाब में विंडीज के बल्लेबाज दो विकेट पर 8 रन ही बना सके।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में नीदरलैंड ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 375 रन का टारगेट दिया। जवाब में नीदरलैंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 374 रन बनाते हुए स्कोर लेवल कर लिया। ऐसे में रिजल्ट के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया।

**अब समझे कैसे वेस्टइंडीज के लिए चुनौती बढ़ेगी :** जिम्बाब्वे के बाद नीदरलैंड के खिलाफ हारने से अब ठाुप स्टेज में ठाुप में वेस्टइंडीज के 4 पॉइंट हो गए। वहीं, जिम्बाब्वे के पास 8 और नीदरलैंड के 6 पॉइंट्स है। ठाुप में श्रीलंका 6 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। हर ठाुप में 5 टीम है। इसमें से दोनों ठाुप की टॉप 3 टीम के बीच सुपर 6 टेबल के मुकाबले होंगे। इसमें सब एक दूसरे के खिलाफ मैच खेलेंगे और फाइनल टेबल के टॉप 2 टीम क्वालिफाई होंगी।



लेकिन, इसमें ठाुप टेबल के पॉइंट्स के साथ टीम सुपर 6 में जाएगी। यानी अगर वेस्टइंडीज सुपर 6 टेबल में जाएगी तो उसके नीदरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले मैच के पॉइंट्स सुपर 6 में काउंट होंगे। इस कारण अब वेस्टइंडीज के सुपर 6 में टॉप 2 पर आने की संभावना कम हो गई है।

टॉस हारने के बाद वेस्टइंडीज पहले बल्लेबाजी करने उतरी। ओपनर ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 101 रन की पार्टनरशिप हुई। किंग 76 और चार्ल्स 54 रन बना कर पवेलियन लौटे। इसके बाद शामारह ब्रुक्स ने 25 रन बनाए और कप्तान शाई होप 47 रन बना कर आउट हुए। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने अपने हाथ में जिम्मेदारी ली और महज 65 बॉल में 104 रन की शानदार नाबाद पारी खेली। इसके बाद रोमारिओ शेफर्ड पहली बकी बॉल पर आउट हो गए और जेसन होल्डर 8 रन बना कर पवेलियन लौटे। आखिर में आए कीमो पॉल ने 25 बॉल पर धुंआधार 46 रन की पारी खेली। ऐसे करते हुए पूरन और पॉल ने टीम को 6 विकेट के नुकसान पर 374 के स्कोर पर पहुंचाया। नीदरलैंड की ओर से बाद डी लीड ने 2 विकेट और शाकिब जुल्फिकार ने 2 विकेट लिए। वहीं, लोगन वैन डी बीक और विवियन किंग्मा को 1-1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड में विक्रमजीत सिंह और मैक्स ओ डाउड ओपनिंग करने उतरे, दोनों क्रमश 37 और 36 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद वेस्ली बर्रेसी और बॉस डी लीड भी 27 और 33 रन बना कर लौटे।

**■ हर बॉल पर बाउंड्री, 3 चौके और 3 छक्के लगे; हार से विंडीज का क्वालिफाई करना मुश्किल**

## बेहद प्रतिस्पर्धी होने वाला है विश्व कप : रोहित

मुंबई। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि अक्टूबर-नवंबर में घरेलू सरज़मीन पर होने वाला एकदिवसीय विश्व कप बेहद प्रतिस्पर्धी होगा जो दुनियाभर में प्रशंसकों को कई रोमांचकारी पल महसूस करने का मौका देगा।

रोहित ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से मंगलवार को जारी बयान में कहा, ''घर पर विश्व कप खेलना शानदार अनुभव होगा। भारत ने 12 साल पहले यहां खिताब जीता था और मैं जानता हूं कि देशभर में प्रशंसक हमारे मैदान पर उतरने का इंतजार नहीं कर सकते।''

उन्होंने कहा, ''यह विश्व कप बेहद प्रतिस्पर्धी होने जा रहा है क्योंकि खेल बेहद तेज़ हो चुका है और टीमें अधिक सकारात्मकता के साथ खेलने लगी हैं। यह प्रशंसकों के लिये अच्छी बात है क्योंकि उन्हें कई रोमांचक लम्हे अनुभव करने का मौका मिलेगा।''

भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को चेन्नई के चेपौक स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा, जिसके बाद उसका मुकाबला 11 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के साथ होगा। साल 1983 और 2011 में विश्व विजेता बनने के बाद भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में अपना तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

रोहित ने कहा, ''हम अच्छी तैयारी करने और अक्टूबर-नवंबर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिये उत्सुक हैं।''भारतीय टीम चेन्नई और दिल्ली से गुज़रने के बाद अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगी। इसके अलावा पुणे, धर्मशाला, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ और बेंगलुरु भी भारत के विश्व कप मैचों की मेजबानी करेंगे।